भारत सरकार
रेल मंत्रालय

लोक सभा
20.12.2023 के
अतारांकित प्रश्न सं. 2895 का उत्तर

रेवाड़ी-रोहतक नई रेल लाइन परियोजना

2895. डॉ. अरविन्द कुमार शर्मा:
श्री रमेश चन्द्र कौशिक:

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) रेवाड़ी-रोहतक नई रेल लाइन परियोजना की वर्तमान स्थिति क्या है;
(ख) उक्त परियोजना की कुल लागत कितनी है;
(ग) रेल यातायात के सुचारू प्रवाह के लिए रेलवे द्वारा इस क्षेत्र में कौन-कौन सी अन्य परियोजनाएं क्रियान्वित की जा रही हैं; और
(घ) क्या सरकार रेवाड़ी-रोहतक खंड के दोहरीकरण पर विचार कर रही है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

रेल, संचार एवं इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री

(श्री अश्विनी वैष्णव)

(क) से (घ): विवरण सभा पटल पर रख दिया गया है।

****

रेवाड़ी-रोहतक नई रेल लाइन परियोजना के संबंध में दिनांक 20.12.2023 को लोक सभा में डॉ. अरविन्द कुमार शर्मा और श्री रमेश चन्द्र कौशिक के अतारांकित प्रश्न सं. 2895 के भाग (क) से (घ) के उत्तर से संबंधित विवरण।

(क) से (घ): बाईपास लाइन सहित रेवाड़ी, झज्जर और रोहतक जिलों से गुजरने वाली रेवाड़ी-रोहतक नई लाइन परियोजना मार्च, 2021 में चालू कर दी गई है। 81 किलोमीटर लंबाई की इस परियोजना की कुल लागत 1001 करोड़ रुपये है। इसके अलावा, 01.04.2023 की स्थिति के अनुसार, हरियाणा में पूर्णत:/अंशत: स्थित 20,006 करोड़ रुपये की लागत पर 1,626 किलोमीटर की कुल लंबाई वाली 13 परियोजनाएं (06 नई लाइन और 07 दोहरीकरण) योजना बनाने/अनुमोदन/निर्माण के चरण में हैं।

इसके अलावा, रोहतक, हिसार, भिवानी से होकर गुजरने वाली रोहतक-महम-हांसी (69 किलोमीटर) नई रेल लाइन को 889 करोड़ रुपये की लागत पर सितंबर, 2023 में चालू किया गया है। इस समय, रेवाड़ी-रोहतक खंड के दोहरीकरण का कोई प्रस्ताव नहीं है।

हरियाणा राज्य में पूर्णत:/अंशतः स्थित अवसंरचना परियोजनाओं और संरक्षा कार्यों के लिए वार्षिक बजट आबंटन निम्नानुसार हैः-

अवधि	बजट परिव्यय	2013-14 के आवंटन की तुलना में वृद्धि
2009-14	315 करोड़ रु./वर्ष	-
2023-24	2247 करोड़ रु.	7 गुणा से अधिक

वर्ष 2014-23 में हरियाणा में पूर्णत:/अंशतः स्थित 474 किलोमीटर रेलखंड (280 किलोमीटर नई लाइन और 194 किलोमीटर दोहरीकरण) को प्रति वर्ष 52.67 किलोमीटर की औसत दर से चालू किया गया है।

******